**कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 27.10.2025**

**विषय- थाना चेतगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा छेड़खानी से संबंधित शोहदा गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के निर्देशन व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज महोदय व प्रभारी निरीक्षक चेतगंज के नेतृत्व में थाना चेतगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा दिनांक 26.10.2025 को समय 22.00 बजे छेड़खानी से संबंधित अभियुक्त शिवम शर्मा पुत्र स्व0 फुल्लू शर्मा निवासी सी9/294 हबीबपुरा चेतगंज वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना चेतगंज में मु0अ0सं0- 243/2025 धारा 296(a) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

**घटना का विवरण:-** दिनांक- 26.10.2025 को कुछ महिलाओं द्वारा सूचना मिली कि मनसाराम फाटक के पास एक लड़का रास्ते से आते-जाते लडकियों को देखकर अश्लील हरकतें कर रहा है व फब्तियाँ कस रहा है उक्त सूचना पर तत्काल म0उ0नि0 शिप्रा सिंह मय मिशन शक्ति प्रभारी म0उ0नि0 आदर्शिका पटेल मय फैंटम के कर्मचारी के साथ मनसाराम फाटक पहुंची की थोड़ी देर मे एक लड़की हबीबपुरा की तरफ जा रही थी जैसे ही लडकी उसके पास से गुजरी तभी एक लड़का, लड़की को देखकर अश्लील हरकतें करने लगा और फब्तियाँ कसने लगा व कुछ दूर चलने के बाद उसके पीछा करते हुये अशलील गाना गाते हुये गंदी गंदी टिप्पणी करने लगा जिसपर पुलिस वाले मौके पर पहुंचकर हिकमत अमली से उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिये व गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम शिवम शर्मा पुत्र स्व0 फुल्लू शर्मा निवासी सी9/294 हबीबपुरा चेतगंज वाराणसी बताया उसको जुर्म धारा 296 (ए) बी. एन. एस. का अपराध का बोध कराते हुए समय करीब 22.00 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना चेतगंज में मु0अ0सं0- 243/2025, धारा- 296(a) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**विवरण पूछताछ अभियुक्त-** अभियुक्त शिवम शर्मा पुत्र स्व0 फुल्लू शर्मा निवासी सी9/294 हबीबपुरा चेतगंज वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष द्वारा पूछताछ में अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए अपनी गलती की बार बार माफी मांगते हुए भविष्य में दोबारा ऐसा कोई गलत काम न करने की बात कह रहे हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** शिवम शर्मा पुत्र स्व0 फुल्लू शर्मा निवासी सी9/294 हबीबपुरा चेतगंज वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष ।

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान-** स्थान- मंसाराम फाटक के पास से दिनांक 26.10.2025 को समय करीब 22.00 बजे रात्रि।

**सम्बन्धित अभियोग-** मु0अ0सं0- 243/2025, धारा- 296(a) बीएनएस थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।

**<u>गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. प्र0नि0 श्री विजय कुमार शुक्ला थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी
2. म0उ0नि0 शिप्रा सिंह चौकी प्रभारी चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
3. म0उ0नि0 आदर्शिका प्रभारी मिशन शक्ति टीम थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 सत्येन्द्र कुमार थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 संदीप कुमार थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त जोन-काशी,**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**